Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Bishnoi Shri Kuldeep

an>

Title : Need to assess the losses incurred by the farmers due to frost in Haryana and release adequate funds for providing relief to the affected people.

श्री कुलदीप बिश्नोई (भिवानी) : अध्यक्ष महोदय, पिछले पचास सालों में इस साल सबसे अधिक पाला पड़ा है, जिसके कारण हरियाणा में सरसों, गेहूं तथा सब्जियों की फसल पूरी तरह बरबाद हो गयी है। किसानों ने रबी की फसल की बुवाई हेतु बीज तथा खाद के लिए बाजार से कर्ज लिया था। अब फसल बरबाद हो जाने के कारण वह कर्जे में दब गए हैं तथा उसका भुगतान नहीं कर पायेंगे। किसान तबाह हो गया है। कुछ किसान तो फसल बरबाद हो जाने तथा कर्जे से दब जाने के कारण खुदकुशी करने पर आमादा हो गए हैं। अभी तक हरियाणा सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया है।

अतः इस सम्माननीय सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह विशोकर हरियाणा में रबी की फसल को हुए नुकसान का विशो गिरदावरी के तहत तुरंत सर्वेक्षण करवाए तथा सभी किसानों को सब्जी की फसल के नुकसान के लिए 20,000 रूपए प्रति एकड़ तथा सरसों तथा गेहूं की फसल के लिए कम से कम 10,000 रूपए प्रति एकड़ मुआवजा शीघ्रातिशीघ्र देने के लिए तुरंत कदम उठाए ताकि किसानों को बरबादी तथा खुदकुशी से बचाया जा सके।